अधिक निष्कर्षण और उत्पादन ने वातावरण में असंतुलन पैदा किया है : मरीना तबस्सुम



इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स-राजस्थान चैप्टर की ओर से आयोजित राजस्थान आर्किटेक्चर फेस्टिवल में रविवार को ''हेरिटेज अंडर थ्रेट'' विषय पर देश के जाने-माने आर्किटेक्ट्स ने अपने विचार व्यक्त किए।

- देश की धरोहरों के संरक्षण के लिए सरकार को प्रयास करने चाहिएः कुलभूषण जैन
- 'राजस्थान आर्किटेक्चर फेस्टिवल' का समापन

जयपुर, (का.सं.)। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स-राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित राजस्थान आर्किटेक्चर फेस्टिवल के तीसरे दिन की शुरूआत हेरिटेज वॉक से की गई। जिसमें 250 से अधिक डेलीगेट्स और मेहमानों ने चरण मंदिर से वॉटर चैनल और बावड़ी से नाहरगढ़ फोर्ट तक वॉक की। फेस्टिवल के तीसरे दिन 'हेरिटेज अंडर थ्रेट' विषय पर देश के जाने-माने आर्किटेक्ट्स ने अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें हेरिटेज सिनर्जी इंडिया की कमालिका बोस, आर्किटेक्चरल हेरिटेज एडवाइजरी कमेटी के चेयरमैन, के.टी. रवींद्रन; एआरसीएशिया के प्रेसीडेंट, डॉ अबू सईद एम अहमद; आर्किटेक्ट-अर्बेनिस्ट-कंजर्वेशनिस्ट, कुलभूषण जैन और रविंद्र गुंडू राव एंड एसोसिएट्स के रविंद्र गुंडू राव जैसे आर्किटेक्ट्स एक्सपर्ट्स शामिल हुए।

की-नोट सेशन में बांग्लादेश की मरीना तबस्सुम ने अपने सैशन को संबोधित करते हुये प्राकृतिक इम्बैलेंस पर जोर दिया। उन्होंने दो वास्तविकताएं बताई, एक है बढ़ता तापमान और जलवायु संबंधी मुद्दे। उनके अनुसार जलवायु में परिवर्तन और तापमान में बढ़त जैसे कई मुद्दे हैं, समुद्र का स्तर बढ़ रहा है और महामारी जिनका हम पिछले दो वर्षों से सामना कर रहे है। उन्होंने बताया की कई मायनों में अधिक निष्कर्षण और अधिक उत्पादन की हमारी संस्कृति ने अत्याधिक असंतुलन पैदा किया है और मुझे लगता है कि एक वास्तुकार के रूप में हमारे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम इसे ध्यान में रखें और फिर उसी के अनुसार काम करें।

आर्किटेक्ट, अर्बनिस्ट और कंजर्वेशनिस्ट, कुलभूषण जैन ने जयपुर और अहमदाबाद के वॉलसिटी क्षेत्रों का उदाहरण देते हुए अपने संबोधन में कहा कि, इन क्षेत्रों के संरक्षण के लिए सरकार को प्रयास करने चाहिए। जगह-जगह बेतरतीब निर्माण और पुरानी इमारतों पर साइन बोर्ड देखे जा सकते है। जयपुर के वॉलसिटी को वर्ल्ड हेरिटेज सिटी घोषित होने के बावजूद इसके संरक्षण को लेकर बहुत उदासीनता है, सरकार को चाहिए कि ऐसे हेरिटेज क्षेत्रों को चिन्हित करके उनके रख-रखाव पर काम करना चाहिए। इसमें आम लोगों का सहयोग भी बहुत जरूरी है। क्योंकि लोग जागरूक होंगे तभी वो अपनी विश्व विरासत की देखरेख कर पाएंगे।

हेरिटेज सिनर्जी इंडिया की कमालिका बोस ने कहा कि, हेरिटेज इमारतों का संरक्षण बहुत जरूरी है, कमालिका बोस ने ताजमहल, मुंबई और जयपुर की हेरिटेज इमारतों का उदाहरण देते हुए कहा कि इन्हें बचाए रखने के लिए इनका संरक्षण बहुत जरूरी है, जिसके लिए आसपास बढ़ते रिहायशी क्षेत्र और तेज़ी से होते निर्माण के लिए एक पॉलिसी बनाना जरूरी है ताकि हमारी धरोहर संरक्षित रह सके।

आर्किटेक्चरल हेरिटेज एडवाइजरी कमेटी के चेयरमैन, के.टी. रवींद्रन ने दिल्ली और लक्षद्वीप की जर्जर होती हेरिटेज इमारतों का उदाहरण देते हुए कहा कि, हेरिटेज के दुर्गम क्षेत्रों में होते निर्माण के चलते एक अलग ही कॉरिडोर बनता जा रहा है, ऐसे में सरकार को जनता और हेरिटेज इमारतों के बीच विच्छेद को खत्म करने के प्रयास करते हुए इन्हें संरक्षित करने का काम करना चाहिए।

टेक्निकल सेशन 'एडिंग ग्रिन टू द सैंड' विषय में अनु मृदुल ने जोधपुर शहर में विभिन्न जल निकायों के विकास पर चर्चा की। जिनमें कृत्रिम व मानव निर्मित दोनों की ही महत्ता को शहर की उन्नति के लिए बराबर बताया। उन्होंने जोधपुर में विभिन्न जल निकायों की बहाली पर आधारित अपनी केस स्टडीज के ज़रिए बताया की जल निकाय की पुरानी प्रणाली को इस्तेमाल कर उन्होंने आधुनिक समाज को फायदा कैसे पहुँचाया। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे सांस्कृतिक दृष्टिकोण से जल निकायों को संरक्षित करने में मदद मिलती है और जल निकायों को बचाये रखने में प्राचीन संस्कृति की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

फेस्टिवल के दौरान 'माई हेरिटेज-माई प्राइड' आर्किटेक्चर एक्जीबिशन लगाई गई थी।

अनुभवों को साझा करने से मिलती है नई दिशा : डॉ. सुबोध अग्रवाल

अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस व आईआईटी दिल्ली एलुमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुबोध अग्रवाल ने रविवार को राजपूताना शेरेटान में आयोजित गेट-टुगेदर कार्यक्रम में भाग लिया।

जयपुर, (का.सं.)। समय समय पर मेल-मिलाप से अनुभवों को साझा करने का अवसर मिलता है तो प्रदेश के विकास में भी भागीदारी तय होती है। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस व आईआईटी दिल्ली एलुमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुबोध अग्रवाल ने यह विचार राजपूताना शेरेटान में आयोजित गेट टू गेदर कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आईआइटी दिल्ली के पास आउट आज प्रदेश में उच्च पदों पर कार्य करते हुए नवाचारों को प्रोत्साहित कर रहे हैं वहीं प्रदेश में उद्योग धंधों, स्टार्टअप्स आदि के माध्यम से विकास की गंगा बहा रहे हैं। स्वरोजगार के साथ ही रोजगार के अवसर विकसित कर आर्थिक विकास में सहभागी बन रहे हैं।

डॉ. अग्रवाल ने आईआईटी दिल्ली की तरह ही अन्य एलुमिनी एसोसिएशनों को गतिशील और सक्रिय बनाने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए प्रदेश के समग्र विकास में भागीदार बनने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट रजनीश भंडारी, सेकेट्री शुभम जैन और ट्रेजरी आकाश मित्तल ने बताया कि प्रदेश में करीब 400 वे देश दुनिया में 5 हजार से अधिक आईआईटी एलुमिनी निजी व सरकारी क्षेत्र में उच्च पदों पर कार्य करते हुए सेवाएं दे रहे हैं।

गेट टू गेदर में राजस्थान सरकार में स्टेम सेल हेड डा. यावेर हुसैन, मेटाक्यूब के संस्थापक पारिजात अग्रवाल, सहज डेरी के संस्थापक पिज्ञान गदेडिया सहित करीब 70 प्रतिभागियों ने परिवार सहित हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संयोजन सेकेट्री शुभम जैन ने किया।

राज्यपाल कलराज मिश्र रविवार दोपहर को ग्रीष्मकालीन प्रवास के लिए माउंट आबू रवाना हुए। राज्यपाल रविवार दोपहर दो बजे जयपुर जंक्शन से वाराणसी-अहमदाबाद एक्सप्रेस द्वारा आबू रोड जंक्शन रवाना हुए। जयपुर रेलवे मण्डल के एडीआरएम मनोज गर्ग सहित रेलवे के अधिकारियों ने जयपुर जंक्शन पर उनका स्वागत किया।

जोधपुर में हुआ रेप सरकार के माथे पर कलंक : राठौड़

जयपुर। उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि दुर्भाग्य है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह जिले जोधपुर में युवती के साथ पहले मंडोर थाने के क्वार्टर में एएसआई के रिश्तेदार ने हैवानियत की और फिर टैक्सी चालक ने दरिंदगी की।

राठौड़ ने कहा कि जोधपुर में युवती के साथ हुई रेप की यह वीभत्स घटना सरकार के माथे पर कलंक है और गहलोत शासन के जंगलराज की तस्वीर दिखा रही है। बीते 6 माह में ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी है।

हमारे पास अधिकतर मरीज कैंसर की लास्ट स्टेज में आते हैं : डॉ. संदीप जैन

- एब्डोमिनल कैंसर से जुड़े कारण और बचाव पर जागरूकता के लिए हुआ एबीसीडी कंसल्टेशन कैंप

जयपुर, (का.सं.)। दुनिया में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है एब्डोमिनल कैंसर, इसी लिए 2019 में महसूस हुआ कि 1 दिन होना चाहिए इस कैंसर से जुड़े कारण और बचाव पर जागरूकता फैलाने के लिए। तभी प्रतिवर्ष 19 मई को पूरे विश्व में 'एब्डॉमिनल कैंसर डे' मनाया जाता है।

आज इसी श्रृंखला में एबीसीडी कंसल्टेशन कैंप जेएलएन मार्ग स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल में आयोजित किया गया। निदेशक, आईआईईएमआर, मुकेश मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में डॉ संदीप जैन ने करीब 100 मरीजों को कंसल्टेशन देते हुए बताया कि हमारे पास ज्यादातर मरीज कैंसर की लेटे स्टेज में आते हैं। एब्डॉमिनल कैंसर का सही इलाज करने के लिए सिर्फ अर्ली स्टेज में डायग्नोसिस होना जरुरी है जिससे मरीज की उम्र बढ़ सके। लेट स्टेज में डायग्नोसिस का मतलब जान को खतरा, लंबा इलाज, ऑपरेशन के साथ कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी, महंगा इलाज, इलाज संबंधी कॉम्प्लीकेशन्स, वापस होने व फैलने के रिस्क। एब्डोमिन कैंसर सात प्रकार के होते हैं, ऑसोफेगल कैंसर (खाने की नाली), कोलन और रेक्टल कैंसर, अपेंडिक्स कैंसर, गैस्ट्रिक कैंसर, गॉलब्लेडर कैंसर, पैंक्रिअटिक कैंसर और लीवर कैंसर। आज 90 से 95 फीसदी कैंसर पर्यावरण और जीवन शैली कारणों से होते हैं और केवल 5-10 हेरिडिटरी या जेनेटिक्स के कारण। अगर हम अपने जीवन शैली में कुछ सुधार कर लें तो काफ़ी हद तक बचाव हो सकता है। संतुलित शाकाहारी भोजन, नियमित शारीरिक गतिविधि, वजन का सामान्य होना, शराब और धूम्रपान से बचना, समय पर स्क्रीनिंग टैस्ट और शुरुवाती लक्षणों को नजरंदाज ना करना।

आमागढ़ लेपर्ड रिजर्व का उद्घाटन

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर मुख्यमंत्री निवास से आमागढ़ लेपर्ड रिजर्व का उद्घाटन और लोकार्पण किया।

गहलोत ने कहा कि आमागढ़ लेपर्ड रिजर्व वन एवं वन्यजीव संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए आमागढ़ लेपर्ड रिजर्व पर्यटन स्थल की सौगात प्रदेशवासियों को समर्पित की। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों की मानव जीवन में अहम भूमिका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण हम सभी की अहम जिम्मेदारी है। राज्य सरकार द्वारा वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। राजस्थान अपनी भौगोलिक विषमताओं के बावजूद वन संरक्षण करने में सफल रहा है।

मंजू मेहता ने सितार पर सुनाया राग 'जोग कौंस'

जयपुर, (का.सं.)। जवाहर कला केन्द्र में रविवार को सितार वादन का कार्यक्रम 'सितार स्वर गंगा'' आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जयपुर में जन्मीं और पिछले पचास साल से अहमदाबाद में रहकर संगीत साधना में लगीं विदूषी मंजू नंदन मेहता ने अपनी दिलकश प्रस्तुति से संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया। यह कार्यक्रम जवाहर कला केन्द्र, राजस्थान फोरम और इंटरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ध्रुवपद गायिका डॉ. मधु भट्ट तैलंग के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम किया गया।

मंजू मेहता ने इस मौके पर राग जोग कौंस के स्वरों से परिवेश में भक्ति और श्रंगार का रस घोल दिया। राग जोग कौंस अपेक्षाकृत नया राग जिसकी रचना पंडित जगन्नाथ बुआ पुरोहित 'गुणीदास' ने की है। यह राग 'जोग' और राग 'चंद्रकौंस' के मिश्रण से बना है। पूर्वांग में राग जोग होने से इसके स्वर भक्ति का अहसास करवाते हैं।

अब राजस्थान सरकार भी कम करे पेट्रोल-डीजल पर वेट : रामलाल शर्मा

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि भारत सरकार हमेशा जनहित में निर्णय लेते हुए जन भावनाओं के अनुरूप शासन का संचालन करने का काम कर रही है। राजस्थान के अंदर कांग्रेस की सरकार है और कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय और राष्ट्रीय नेता हमेशा मोदी सरकार पर निशाना इस बात का साधते आये हैं कि पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की वजह से ही महंगाई बढ़ रही है। मोदी ने समय-समय पर टैक्स के अंदर कमी करके जनता को राहत प्रदान करने का काम किया है और अब भी मोदी सरकार ने अपने टैक्सों में कमी करके डीजल-पेट्रोल और गैस के दामों में कमी करके देशवासियों को राहत प्रदान करने का काम किया है और कांग्रेस के नेताओं के पास भाषण देने की बातें अलग और मुद्दे अलग और यथार्थ में उनके हक में जो चीजें हैं वह करने के लिए अलग है। मोदी ने टैक्स में कमी करने के बाद देश की राज्य सरकारों से भी आग्रह किया है कि वह भी वेट के अंदर कमी करें ताकि जनता को राहत मिल सके। लेकिन अभी तक भी राजस्थान की सरकार ने ना तो कोई व्यक्तव्य जारी किया है और ना ही इस मुद्दे पर कोई बात कही है।

'इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार योजना' के क्रियान्वयन के लिए नवीन दिशा-निर्देशों को मंजूरी

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार योजना' के क्रियान्वयन के लिए नवीन दिशा-निर्देशों को स्वीकृति दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना (मनरेगा) की तर्ज पर शहरी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई है।

गहलोत ने वर्ष 2022-23 के बजट में यह घोषणा की थी कि शहरी क्षेत्रों में निवास करने वाले परिवारों को प्रति वर्ष 100 दिन का रोजगार 'इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार योजना' के अन्तर्गत उपलब्ध करवाया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना पर राज्य सरकार प्रतिवर्ष 800 करोड़ रूपए व्यय करेगी।

नवीन दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रस्तावित योजना में स्थानीय निकाय क्षेत्र में निवास कर रहे 18 वर्ष से 60 वर्ष की आयु के सदस्य का जन आधार कार्ड के आधार पर पंजीयन किया जाएगा। योजना में अनुमत कार्य करवाने हेतु राज्य/जिला/निकाय स्तर पर कमेटियों के माध्यम से कार्य स्वीकृत एवं निष्पादित करवाया जाएगा। सामान्य प्रकृति के कार्य स्वीकृत एवं निष्पादित कराने की सामग्री लागत व पारिश्रमिक लागत का अनुपात 25:75 तथा विशेष प्रकृति के कार्यों हेतु सामग्री लागत तथा पारिश्रमिक भुगतान का अनुपात 75:25 होगा।

कार्यों का भुगतान मनरेगा के अनुरूप श्रमिकों के बैंक खाते में 15 दिवस में किया जाएगा।

पैरा खेल अकादमी के लिए 14 करोड़ की राशि मंजूर

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए पैरा खेल अकादमी के निर्माण हेतु 14 करोड़ रूपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान को मंजूरी दी है। अकादमी में पैरा खिलाड़ियों को उच्च तकनीकी प्रशिक्षण, ट्रेनिंग उपकरण व अभ्यास हेतु सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

कर्नल राज्यवर्धन की 'अमृत जन यात्रा' बाईक रैली में उमड़ा जन सैलाब

- पैट्रोल-डीजल के दाम घटाने एवं गैस सिलेण्डर पर सब्सिडी देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया
- 'पैट्रोल डीजल पर वेट कम कर जनता को राहत दे गहलोत सरकार'

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की अगुवाई में रविवार को झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 'अमृत जन यात्रा' बाईक रैली निकाली गई।

जयपुर, (का.सं.)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की अगुवाई में आज झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 'अमृत जन यात्रा' बाईक रैली निकाली गई। इस दौरान पूर्व विधायक एवं केबिनेट मंत्री राजपाल सिंह शेखावत भी उनके साथ रहे। हिंगोनिया से प्रारम्भ हुई बाईक रैली लोहरवाड़ा, मुरलीपुरा, भोजपुरा कलां, बबेरवालों की ढ़ाणी, जोबनेर होते हुए ढाणी नागान पहुंची। बडी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन बाईक रैली में शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने बाईक रैली का जोरदार स्वागत किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद और कर्नल राज्यवर्धन जिन्दाबाद के नारे लगाए। बाईक रैली के दौरान कर्नल राज्यवर्धन ने सांसद कोष से निर्मित शहीद हुक्माराम जाट पार्क का उद्घाटन भी किया। बाईक रैली को सम्बोधित करते हुए कर्नल राज्यवर्धन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पैट्रोल डीजल के दाम घटाने और गैस सिलेण्डर पर सब्सिड़ी देकर जनता को राहत पहुंचाने के लिए धन्यवाद दिया और कहा गहलोत सरकार को भी पैट्रोल डीजल पर वेट कम कर प्रदेश की जनता को राहत पहुंचानी चाहिए।

कर्नल राज्यवर्धन ने कहा मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने हमेशा देश हित और जनहित में ही कार्य किए है। प्रधानमंत्री मोदी के रूप में देश को शानदार नेतृत्व मिला है। आज देश का हर गांव मजबूत हो रहा है केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है। जहां पीने का पानी नहीं पहुंचता था वहां पानी पहुंच रहा है जिनके पास घर नहीं था उनके घर बन रहें है। विश्व में भारत का मान लगातार बढ़ रहा है। करोना काल में भारत द्वारा किए गये कार्यों की चर्चा पूरे विश्व में हो रही है।

कर्नल राज्यवर्धन ने प्रदेश की गहलोत सरकार को आडे हाथ लेते हुए कहा जनविरोधी और तुष्टिकरण की नीति के कारण जनता का सरकार पर से विश्वास उठ चुका है। विकास की दृष्टि में राजस्थान देश में काफी पीछे रह गया है। जनता ने जिस कांग्रेस पार्टी पर भरोसा करते हुए साढ़े तीन साल पूर्व सत्ता सौंपी थी वह पार्टी जनता को सुरक्षा और सुविधा देने में पूरी तरह से विफल हुई है। किसान महिला और युवाओं के खिलाफ राज्य सरकार ने काम किया है। राजस्थान शांतिप्रिय प्रदेश के रूप में जाना जाता था लेकिन पिछले साढे तीन सालों में दलित और महिला अत्याचारों में राजस्थान देश में नम्बर वन पर पहुंच गया है और कल्याणकारी योजनाएं खासकर पीने का पानी जनता तक पहुंचाने में आखिरी नम्बर पर पहुंच गया है।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आवश्यकता
फैक्ट्री में कार्य हेतु हेल्परों की आवश्यकता
वेतन 11500/- प्रतिमाह पता-एच-174 मालवीय औद्योगिक क्षेत्र जयपुर फोन-0141-2751714-15

खोया पाया
नगर पालिका चाकसू द्वारा जारी पत्रावली में मेरे प्लाट का आवासीय पट्टा मामोडीया का मोहल्ला, वार्ड नं 19, चाकसू का पट्टा संख्या 571/2001-2002 पट्टा खो गया है। जिस किसी को भी यह पट्टा मिले, मुझे सुपुर्द करे। पट्टा देने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा। निवासी-रामगोपाल कुमावत पुत्र श्री स्व लादूराम कुमावत चाकसू मो. 9351228878

नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर)(आयोजना प्रकोष)
क्रमांकः एफ-13 () उपा. आयोजना/जनि./2022/01
सार्वजनिक विज्ञप्ति दि. 20.05.2022
विषयः- राजस्थान नगर पालिका (भू-उपयोग परिवर्तन) नियम 2010 के नियम 4 (1) के अन्तर्गत आपत्तियां/ सुझाव आमंत्रित करने हेतु विज्ञप्ति।
नगर निगम, जयपुर में निम्न वर्णित भूखण्ड धारक ने कांलम 4 में वर्णित मास्टर विकास योजना 2025 (जयपुर रीजन) में निर्धारित भू-उपयोग का कांलम 5 में वर्णित भू-उपयोग हेतु आवेदन किया है जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम, भूखण्ड संख्या योजना का नाम	लीज डीड अनुसार भूखण्ड का क्षेत्रफल व उपयोग	मास्टर प्लान (2025) अनुसार भू-उपयोग	आवेदक द्वारा चाहा गया भू-उपयोग
1.	2.	3.	4.	5.
1.	श्रीमती इन्द्रा शर्मा भू. सं. 37, सुन्दर नगर, मालवीय नगर, जयपुर	368.75 व.ग. (आवासीय)	मिश्रित आवासीय	मिश्रित

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को उपरोक्त भू-उपयोग परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति/सुझाव हो तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन की अवधि तक अपनी आपत्ति/सुझाव कारणों सहित नगर निगम जयपुर के आयोजना शाखा में प्रस्तुत कर सकते है।
महेन्द्र सोनी (IAS) आयुक्त नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मेलित)
IDFC FIRST Bank
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]
कब्जा नोटिस
(अचल सम्पत्ति का)

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आई डी एफ सी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मेलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 25.01.2020 को एक मांग नोटिस कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. मीना देवी, 2. भोलानाथ सिंह, 3. हिमांशु सिंह, को जारी किया गया था, जिसमें दिनांक 24.01.2020 की तिथी को एक मांग नोटिस उल्लेखित राशी रुपये 23,07,972.59/- (रुपये तेईस लाख सात हजार नौ सौ बहत्तर पैसे उनसठ मात्र) का भुगतान उपर्युक्त निर्दिष्ट नोटिस की प्राप्ती से 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज मई 2022 के 18वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक के साथ सम्मेलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशि रुपये 23,07,972.59/- (रुपये तेईस लाख सात हजार नौ सौ बहत्तर पैसे उनसठ मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

अचल सम्पत्तियों का विवरण
सम्पत्ति प्लाट नं. 63-बी, (क्षेत्रफल 83.33 वर्गगज) करनी विहार-बी, जयपुर, राजस्थान-302013 का पूरा व प्रत्येक भाग

दिनांक- 18.05.2022
स्थान- जयपुर
ऋण खाता संख्या- 13625235
प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व नाम केपिटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक के साथ सम्मेलित)